सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : सहारनपुर मंडल, जिसकी आबादी लगभग 70 लाख है और जिसमें 70% से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। पूरे मंडल का प्रमुख सरकारी अस्पताल शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज मात्र 430 बिस्तरों का है। सहारनपुर, शामली और मुज़फ्फरनगर—तीनों जिलों में दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को फर्स्ट एड देने की सरकारी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में लोगों को प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ता है, जहां केवल फर्स्ट एड के लिए 50–60 हज़ार रुपये तक वसूले जाते हैं। किडनी के मरीजों को इलाज के लिए देहरादून, चंडीगढ़ या दिल्ली जाना पड़ता है, जिससे गरीब मरीज पर 500–1000 रुपये का सफर खर्च और अतिरिक्त अस्पताल खर्च का बोझ पड़ता है। कैंसर रोगियों की स्थिति भी चिंताजनक है; बड़े शहरों में रेफर होने से इलाज में देरी होती है, जिससे जान को खतरा बढ़ता है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY) के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों को आधुनिक बनाने की व्यवस्था है। मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि शेख उल हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक, कैथ लैब, ऑन्कोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग की स्थापना हेतु तत्काल बजट आवंटित कर कार्रवाई की जाए। (इति)

محترمہ اِقرا چودھری (کیرانہ): محترم چیرمین صاحب، سہارنپور منڈل جس کی آبادی تقریباً 70 لاکھ ہے اور جس میں سے 70 فیصد سے زیادہ لوگ گاؤں میں رہتے ہیں سنگین بیماریوں کی مصیبت کا سامنا کر رہے ہیں۔ پورے منڈل کا اہم سرکاری اسپتال شیخ الہند حضرت مولانا محمود حسن میڈیکل کالج صرف 430 بستروں کا ہے۔ سہارنپور، شاملی، مظفر نگر تینوں ضلعوں میں دل کا دورہ پڑنے پر مریض کو فرسٹ ایڈ دینے کی سرکاری سہولیت تک دستیاب نہیں ہے۔ مجبوری میں لوگوں کو پرائیویٹ اسپتال جانا پڑتا ہے۔ جہاں صرف فرسٹ ایڈ کے لئے 60-50 ہزار روپئے تک وصولے جاتے ہیں۔ کڈنی کے مریضوں کو علاج کے لئے دہرادون، چندی گڑہ یا دہلی جانا پڑتا ہے، جس سے غریب مریض پر 1000-500 روپئے کس سفر خرچ اور اسپتال کا علیحدہ خرچ جھیلنا پڑتا ہے۔ کینسر کے مریضوں کی حالت بھی تشویشناک ہے۔ بڑے شہروں میں ریفر ہونے سے علاج میں دیری ہوتی ہے، جس سے جان کا خطرہ بڑھتا ہے۔ پردھان منتری سواستھیہ سرکشا یوجنا (PMSSY) کے انتر گت میڈیکل کالجوں کو آدھونِک بنانے کی ویوستھا ہے۔ میں سرکار سے گزارش کرتی ہوں کہ شیخ الہند حضرت مولانا محمود حسن میڈیکل کالج میں سپر اسپیشیلیٹی بلاک، پیتھ لیب اینکولوجی اور نیفرولوجی وِبھاگ کی اِستھاپنا کے لئے فوراً بجٹ آونٹِٹ کر کاروائی کی جائے ۔

(شکریہ)

Re: Need to take action on the proposals sent by Legislative Assemblies for inclusion of certain Castes in the list of Scheduled Castes

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : मैं सरकार का ध्यान समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के उन लोगों की ओर दिलाना चाहता हूँ जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक तथा शैक्षणिक स्थिति का सही आकलन न होने से ऐसे समूह से आने वाली जातियां संविधान की अनुसूचित जाति की सूची में शामिल नहीं हो पाई थी, परंतु समय-समय पर कई प्रदेशों में उसे अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया। इस विसंगति को दूर करने हेतु कई स्तर पर समीक्षा करने एवं अनुसूची में संशोधन कर उन जातियों को जैसे बिन्द, गोंड, कहार, बियार, राजभर, निषाद आदि को विधानसभाओं से उनके पक्ष में निर्णय लेने हेतु समय-समय पर भारत सरकार को भेजा गया, परंतु अभी तक कोई ठोस निर्णय एवं विचार उपरोक्त समाज के पक्ष में नहीं आया।

अंतः पूर्व के आवेदन एवं समय-समय पर विधान सभाओं से भेजे गए प्रस्ताव पर सरकार विचार कर उचित निर्णय लेने की कृपा करें।

(इति)

Re: Problems being faced by the Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) in the country

SHRI ARUN NEHRU (PERAMBALUR): The Micro, Small, and Medium Enterprises (MSMEs), the very backbone of India's economy, are facing a critical juncture. While MSMEs contribute a substantial 30% to India's GDP and employ over 60% of the workforce, the sector's financial health is under severe strain. As of March 31, 2024, gross non-performing assets (GNPAs) related to MSME credit stood at Rs 1.25 lakh crore. Although the share of GNPAs has decreased from 11.03% in March 2020 to 4.46% in March 2024, this improvement masks deeper issues. Critically, the credit penetration rate within the MSME sector remains a dismal 14%, far below developed economies like the US (50%) and China (37%), as reported by Ernst & Young in 2023. This vast credit gap, estimated at Rs 30 lakh crore, hinders MSME growth. With approximately 5.6 crore MSMEs in India, the closure of 61,500 units in the last four years is alarming. The COVID-19 pandemic, coupled with digitization challenges, low demand, and labour shortages, has crippled businesses. Furthermore, complex eligibility criteria and opaque CIBIL scoring methods hinder access to formal credit. I urge the government to simplify credit regulations, enhance financial literacy, and boost institutional support to bridge the credit gap. (ends)

Re: Need to allocate 5% of the total amount earmarked as capital expenditure to Tamil Nadu for development of railway infrastructure in the State

SHRI S. JAGATHRATCHAKAN (ARAKKONAM): Accounting for 9% of India’s GDP, Tamil Nadu stands as an economic power house. Infrastructure has been bedrock for Tamil Nadu’s economic excellence. Tamil Nadu has an extensive transport network, India's second-largest coastline, 3 of the country's 13 major ports. Yet the development of infrastructure should always aid and accommodate a rapidly growing economy. It is essential to embrace a comprehensive Rail infrastructure for a sustained growth of our state. Unfortunately, Tamil Nadu was allotted only 1%, out of the total amount earmarked as capex for the Indian Railways since 2014. This is a gross injustice done to the people of Tamil Nadu who play a remarkable role in India’s journey to $5 Trillion economy. There is an urgent need to develop a dedicated Rail freight corridor connecting Chennai – Bengaluru and exclusive rail connectivity to all major Ports cities, i.e. Chennai, Ennore, Katupalli, Thoothukudi & Cuddalore. High speed rail corridors Connecting Chennai with nearby cities like– Vellore, Villupuram, Gummidipoondi, and with other major cities like Kanyakumari, Coimbatore, should be developed, to reduce the travel time by 50-60%. Therefore, I urge the Union Government to allocate 5% of the total amount earmarked as capex for Indian Railways to Tamil Nadu. (ends)

Re: Construction of a Pit Line at Thawe Junction railway station, Gopalganj district, Bihar

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : रेलवे ने 1337 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया है। मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के थावे जंक्शन को भी इस योजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। थावे जंक्शन के पास प्रचुर मात्रा में जमीन उपलब्ध है जिससे यहां आसानी से पिट लाइन या रेलवे पिट बनाई जा सकती है। थावे जंक्शन NER के बनारस डिवीजन में आता है। लेकिन बिहार में पड़ने वाले इस डिवीज़न में केवल छपरा जंक्शन पर पिट लाइन या रेलवे पिट की सुविधा उपलबध है। अगर थावे जंक्शन पर पिट लाइन या रेलवे पिट बनाई जाती है तो थावे जंक्शन से दिल्ली और विभिन्न महानगरों के लिए सुपरफास्ट ट्रेन आसानी से चलाई जा सकती है। थावे जंक्शन में कमर्शियल फीजिबिलिटी है जिससे रेलवे को प्रचुर मात्रा में रेवेन्यू की प्राप्ति होगी। विदित हो कि मैं यह निवेदन रेल मंत्रालय से पिछले 6 सालों से लगातार करता आ रहा हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि थावे जंक्शन के खाली पड़े जमीन का सदुपयोग करते हुए पिट लाइन या रेलवे पिट का निर्माण किया जाए ताकि यहाँ से सुपरफास्ट ट्रेन की सुविधा दिल्ली और अन्य महानगरों के लिए मिल सके।

(इति)

Re: Issues faced by farmers with wind energy project setups on their land in Maharashtra

श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने गृह ज़िले धाराशिव (महाराष्ट्र) और अन्य राज्यों में किसानों की भूमि पर पवन ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़े शोषण की ओर दिलाना चाहता हूँ। कई किसानों को बिना पूरी जानकारी और कानूनी सलाह के अनुबंध पर हस्ताक्षर करवाए गए, बहुत कम लीज़ राशि दी जा रही है, और बिजली उत्पादन व राजस्व के आंकड़े साझा नहीं किए जाते। इससे किसानों की आमदनी घट रही है, खेती व चरागाह भूमि प्रभावित हो रही है और पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है। महाराष्ट्र के सांगली व सतारा सहित तमिलनाडु, गुजरात, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी ऐसे मामले सामने आए हैं। सरकार से अनुरोध है कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए मानकीकृत और पारदर्शी लीज़ व्यवस्था, उचित भुगतान, मुनाफा-साझेदारी और प्रभावी विवाद निवारण तंत्र लागू किया जाए। (इति)

Re: Alleged rise in drug manufacturing and trafficking in Sangli district, Maharashtra

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): I wish to draw the attention of the Government to the alarming rise in drug manufacturing and trafficking in Sangli district. Recently, authorities uncovered yet another large-scale mephedrone (MD) racket, the 14th such case in the district, indicating the district’s emergence as a hub for this illegal trade. The easy availability of mephedrone poses a grave threat to children and youth. Scientific studies confirm that adolescent exposure to such synthetic drugs severely impairs memory, learning, and concentration. These effects are likely to contribute to a decline in Foundational Literacy and Numeracy (FLN) outcomes in the district. This crisis not only endangers public health and safety but also undermines educational progress, particularly in vulnerable communities. I, therefore, urge the Hon’ble Ministers of Home Affairs, Education, and Women & Child Development to launch a coordinated action plan involving strict law enforcement, awareness programmes in schools, rehabilitation initiatives, and targeted academic support for affected children. Such coordinated measures are essential to eradicate the menace, protect our youth, and ensure an enabling, drug-free learning environment. (ends)

… *(Interruptions)*

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : महोदय, जब से यह मानसून सत्र शुरू हुआ है, तब से ये लोग इस तरह के नारे लगा रहे हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सम्मानित करने तथा अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने के लिए यह विषय तीन दिन से सदन की कार्य-सूची में लिस्टेड हो रहा है। … (व्यवधान) यह बहुत दुख की बात है। हमारे देश के नायक, जिन्होंने अंतरिक्ष में यात्रा की और वहां भारत के झंडे को लहराया है। उनको विपक्ष के लोगों ने सम्मानित करने का भी मौका नहीं दिया है। यह बहुत ही शर्मनाक बात है। आप देखिए कि यह सब देखकर बहुत खराब लगता है। आपकी इन हरकतों पर पूरी दुनिया हंसती है।…(व्यवधान)

अब स्कूल के बच्चे भी बोलने लगे हैं कि क्या संसद सदस्य ऐसा बर्ताव करते हैं? आप शांत दिमाग से इसके बारे में सोचिए। हम सरकार के बिजनेस को पारित करके रहेंगे। हमें देश और समाज के हक में जो काम करने हैं, हमें देश की जनता ने जो दायित्व दिया है, वह काम हम करेंगे। … (व्यवधान) लेकिन हंगामा करने से आप लोगों का ही नुकसान होता है। … (व्यवधान)

यह सदन सबका है। संसद सदस्यों का सदन है। इस समय सबसे ज्यादा नुकसान नए संसद सदस्यों और विपक्ष के साथियों का हो रहा है। … (व्यवधान) आप लोग सोचते हैं कि हंगामा करने से कोई फायदा मिलेगा। जो ज्यादा हंगामा करेगा, जनता उसको पूरी तरह से नकार देगी। आप लोगों को कोई भी सहानुभूति प्राप्त नहीं होगी।… (व्यवधान)

इसलिए मैं पुनः आग्रह करता हूं कि आप लोग विधेयकों की चर्चा में भाग लीजिए। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सम्मानित करने में हमारा साथ दीजिए। मैं पुनः आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहता हूं। … (व्यवधान)

(1215/NKL/DPK)

HON. CHAIRPERSON (SHRI P.C. MOHAN): Hon. Members, I request all of you to go and sit in your respective seats.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet at 2 p.m.

… (*Interruptions*)

1215 hours

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

(1400/VR/PC)
1400 बजे

लोक सभा चौदह बजे पुन: समवेत हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1400 बजे

(इस समय श्री सुदामा प्रसाद, श्री कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर 20, 21 और 22, माननीय गृह मंत्री जी।

… (व्यवधान)

संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक

और

संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक

और

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक

1401 बजे

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुए:

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

और

"कि संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

और

"कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री असादुद्दीन ओवैसी जी।

… (व्यवधान)

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Sir, I stand to oppose the introduction of the Jammu and Kashmir Reorganisation (Amendment) Bill, 2025, the Government of Union Territories (Amendment) Bill, 2025 and the Constitution (One Hundred and Thirtieth Amendment) Bill, 2025. *....(Interruptions)*

Sir, this violates the principle of separation of powers, due process and undermines the right of the people to elect a Government. *....(Interruptions)* It gives Executive agencies a free run to become judge, jury and executioner based on flimsy allegations and suspicions. *....(Interruptions)* Sir, it is only when an offence is proved beyond reasonable doubt, that you can leave the post and the membership. *....(Interruptions)* But here, on a mere accusation or allegation, the punishment of losing one's Ministerial post will follow. *....(Interruptions)*

Sir, in parliamentary democracies, Chief Ministers and Ministers can only be removed through two means. *....(Interruptions)* The first is that the Prime Minister can recommend their removal and, the second is when the Council of Ministers loses the confidence of the Legislature. *....(Interruptions)* Now, this Bill would empower the unelected Executive at bureaucracy to play the role of the Legislature. *....(Interruptions)*

Sir, it undermines representative parliamentary democracy. *....(Interruptions)* This amendment would leave the Minister and the Chief Minister at the mercy of the Executive agencies. *....(Interruptions)* The severity of the amendment is not only in the fact that one loses his position if he is arrested, but even if he is detained. *....(Interruptions)* That means, detention is an administrative action and does not require an offence to be made. *....(Interruptions)* The Chief Minister and Ministers will not be accountable to the people. *....(Interruptions)*

Sir, the hon. Home Minister read Article 74(1), which says that the Council of Ministers headed by the Prime Minister I to aid and advise the President who shall, in exercise of his function, act in accordance with such advice. *....(Interruptions)* Now, this Bill clearly violates Article 74(1)*. ...(Interruptions)*

Sir, this reminds me of the 1933 when Gestapo was formed in Germany. *....(Interruptions)* This Government is hellbent on creating a police State. *....(Interruptions)* This will be a death knell and leash on elected Governments. *....(Interruptions)* The Indian Constitution is being amended to turn this country into a police State. *....(Interruptions)*

Sir, the Home Minister promised in this House that provisions under Section 152 of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) which are related to sedation would not be used. *....(Interruptions)* Sir, Sections 316 and 9 of the BNS, and Section 4 of the Prevention of Money-Laundering Act (PMLA) can be used to destabilize an elected Government. *....(Interruptions)*

That is why, I oppose the introduction of all these three Bills. *....(Interruptions)* This is nothing but creating a Gestapo to ensure that our democracy does not survive. *....(Interruptions)* May I tell the hon. Home Minister that despite his promise on Section 152 of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), it has been used against a senior journalist Siddharth Varadarajan in Assam also. *....(Interruptions)* That is why I oppose the introduction of these three Bills, Sir. Thank you. *....(Interruptions)*

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): Hon. Speaker, Sir, I rise to oppose the introduction of these three Bills under Rules 72 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha. *....(Interruptions)* This Bill is squarely destructive of the basic structure of the Constitution. *....(Interruptions)*

(1405/PBT/SPS)

अध्यक्ष महोदय, भारत के संविधान का मूलभूत ढांचा यह कहता है कि कानून का राज़ होना चाहिए। … (व्यवधान) There should be rule of law. उस कानून के राज़ की बुनियाद है कि आप तब तक बेगुनाह हैं, जब तक आपका गुनाह साबित नहीं किया जाता है। … (व्यवधान) You are innocent until proven guilty. This Bill stands that fundamental maxim of jurisprudence on its head. It makes an investigating officer the boss of the Prime Minister of India. The second ground on which I have opposed this Bill is this. It violates Article 21. … (*Interruptions*) The due process clause, FIR, arrest, charge sheet, and even framing of charge does not in any manner substantiate guilt. In fact, you plead not guilty only after charges are framed against you. This Bill turns the fundamental jurisprudence of Article 21 on its head. The ground number three is this. It distorts parliamentary democracy, which is again basic structure, by displacing the will of the people. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

… (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) : अध्यक्ष जी, यह बहुत ही संवेदनशील विधेयक है। मेरे दो बिन्दु और हैं। … (व्यवधान) The fourth ground is this. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप नियम 72 के तहत विरोध कर रहे हैं।

… (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) : जी, हां… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जब बिल सदन में आए, तब आप डिटेल में चर्चा करना। अभी नियम 72 के तहत विरोध में केवल सारांश बोलने की परमिशन दी है।

… (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) : अध्यक्ष जी, जो रूल 72 है, वह दो चीज कहता है। एक चीज़ लेजिस्लेटिव कॉम्पिटेंस है और दूसरी चीज़ जनरल अपोज़िशन ऑफ द बिल है, जिसकी स्वीकृति आप दे सकते हैं। यह इतना संवेदनशील विधेयक है, तो मैं आपसे यह विनती करता हूं कि इस पर पूरी चर्चा कराई जाए। मेरे सिर्फ दो बिन्दु और हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने कानूनन बात की है, तो कानून यह भी है। मैं आपको रूल 72 के तहत अलाउ करता हूं, लेकिन संक्षेप में बोलिए। जब डिटेल में चर्चा हो, आप तब बोलिएगा।

… (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) : अध्यक्ष जी, मेरे सिर्फ दो बिन्दु और हैं। This Bill opens the door for political misuse by instrumentalities of the State whose arbitrary conduct has been repeatedly frowned upon by the Supreme Court. Finally, it throws all existing constitutional safeguards to the winds. … (*Interruptions*) Collective responsibility, judicial review, no confidence motion, and disqualification on conviction, … (*Interruptions*) This makes this amendment excessive, unnecessary, and unconstitutional. इसलिए मैं इन तीनों विधेयकों का पुरजोर विरोध करता हूं। मैं गृह मंत्री से यह आग्रह करना चाहता हूं कि इन तीनों विधेयकों को वापस लिया जाए। … (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Speaker Sir, I strongly oppose the Bill, the Constitution (One Hundred and Thirtieth Amendment) Bill as well as the other two Bills. I strongly oppose them on four grounds.

The first ground is that the Bills have to be introduced according to the Rules of Procedure of the House. The Bill is not circulated among the Members. … (*Interruptions*) Yesterday, we have received a copy of the Bill and I would like to know from the hon. Minister what is the undue haste and urgency in bringing such a Constitutional Amendment Bill. What is the emergent need of having such a Bill? … (*Interruptions*) That means the introduction of the Bill itself is lacking bonafides. … (*Interruptions*) The Bill is lacking in bonafides. … (*Interruptions*) That is why, I would like to say that this is introduced with a malafide intention to destabilize the opposition ruled States in various parts of the country. … (*Interruptions*)

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, प्रेमचन्द्र जी, कह रहे हैं कि यह जल्दबाजी में लाया गया है। इसका सवाल इसलिए नहीं उठता है कि मैं इस बिल को संयुक्त समिति को सौंपने की दरख्वास्त

करने वाला हूं। **...** (व्यवधान) इस पर संयुक्त समिति**,** जो राज्य सभा और लोक सभा**,** पक्ष और विपक्ष के सभी सांसदों की बनेगी**,** वह इस पर विचार करेगी तथा आपके सामने लेकर आया जाएगा। ... (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I agree with the hon. Minister but at the same time, Members have the right to oppose the Bill at the time of introduction. This is the legitimate constitutional right of each and every Member to oppose the Bill at the time of introduction of the Bill. … (*Interruptions*)

… (*Interruptions*)

(1410/RHL/SNT)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, I rise to oppose the introduction of the Constitution (One Hundred and Thirtieth Amendment) Bill, 2025; the Government of Union Territories (Amendment) Bill, 2025; and the Jammu and Kashmir Reorganisation (Amendment) Bill, 2025. … (*Interruptions*)

These Bills are introduced to sabotage the federal system of this country. These Bills are introduced to sabotage the basic principles of the Constitution of this country. The BJP people are saying that this Bill will bring morality in politics. … (*Interruptions*) Can I ask a question to the hon. Home Minister? When he was the Home Minister of Gujarat, he had been arrested. I would like to know whether he brought morality at that point in time. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य यह विषय नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गृहमंत्री जी, बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री अमित शाह : अब जरा मुझे सुनिए। पहले बैठ जाइए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीजा। गृहमंत्री जी बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, मैं रेकॉर्ड क्लीयर करना चाहता हूं। … (व्यवधान) मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए। … (व्यवधान) अरेस्ट होने से पहले मैंने नैतिकता के मूल्यों का हवाला देकर इस्तीफा भी दिया और जब मैं कोर्ट से निर्दोष साबित नहीं हुआ, … (व्यवधान) तब तक मैंने कोई संवैधानिक पद स्वीकार नहीं किया। ये हमें क्या नैतिकता सिखा रहे हैं? … (व्यवधान) मैं तो इस्तीफा देकर गया था और मैं तो चाहता हूं कि ये नैतिकता के मूल्य बढ़ें।… (व्यवधान) हम इतने निर्लज्ज नहीं हो सकते हैं कि हम पर आरोप लगें और हम संवैधानिक पद पर रहें। मैंने अरेस्ट होने से पहले इस्तीफा दिया है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बिल पर बोलिए। आप नियम-72 के तहत बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री के. सी. वेणुगोपाल (अलप्पुजा) : सर, आपका डायरेक्शन है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप नियम-72 के तहत बोलिए। नियम के तहत बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री के. सी. वेणुगोपाल (अलप्पुजा) : सर, आपका डायरेक्शन है… (व्यवधान) नियम-19 (ए), 19 (बी), कौल एंड शकधर भी है… (व्यवधान) It very clearly states that at least one major notice is needed for introducing a Bill. This Bill is to target the Opposition. This Bill is to strengthen people like ... (*Expunged as ordered by the Chair*) and … ... (*Expunged as ordered by the Chair*) … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज। नहीं-नहीं।

… (व्यवधान)

1413 बजे

(इस समय डॉ. मोहम्मद जावेद और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

माननीय अध्यक्ष : धर्मेन्द्र यादव जी बोलना चाहते हैं? कृपया आप पहले अपने दल के माननीय सदस्यों को बैठाएं।

… (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। ये जो तीनों विधेयक आए हैं।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट। आपको देश देख रहा है कि आप नैतिकता का कितना विरोध कर रहे हो।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : देश आपको देख रहा है। धर्मेन्द्र जी बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) : संविधान का 130वां (संशोधन) विधेयक, 2025, … (व्यवधान) संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025, … (व्यवधान) इन तीनों विधेयकों का अपनी पार्टी और अपने नेता आदरणीय श्री अखिलेश जी की ओर से पुरजोर विरोध करता हूं। … (व्यवधान) विरोध इसलिए करता हूं कि माननीय गृहमंत्री जी बहुत नैतिकता की बातें कर रहे हैं। … (व्यवधान) आपने भाषण दिया था कि ... (*Expunged as ordered by the Chair*) लेकिन उनको लेकर आप महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाकर घूम रहे हैं। … (व्यवधान) इसलिए मैं इस मौके पर कहता हूं कि यह बिल संविधान विरोधी, मूल अधिकार विरोधी, न्याय विरोधी है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय गृहमंत्री जी।

… (व्यवधान)

(1415/KN/VPN)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1415 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा पन्द्रह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1500/ANK/AK)

1500 बजे

लोक सभा पंद्रह बजे पुनः समवेत् हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, संसद के अंदर आपका यह तरीका ठीक नहीं है। आप संसद की मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको मौका दे रहा हूं। इसका मतलब यह नहीं है कि आप संसद की मर्यादाओं को तोड़ें।

… (व्यवधान)

1501 बजे

(इस समय श्री अभय कुमार सिन्हा, सुश्री एस. जोतिमणि, सुश्री महुआ मोइत्रा और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप इस तरह की हरकत करेंगे? क्या संसद में आपको इसलिए चुनकर भेजा गया है? कृपया बैठिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका यह तरीका ठीक नहीं है। आपको देश की जनता देख रही है। संसद में मर्यादा रखिए। यदि आपको विरोध करना है, तो तरीके से कीजिए। उसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन क्या विरोध का यह तरीका उचित है?

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : संसद में नैतिकता वाला कोई बिल आ रहा है। राजनीति में नैतिकता और स्वच्छता बननी चाहिए। उसके बाद भी आपकी यह स्थिति है?

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह तरीका ठीक नहीं है। मैं आपको बता रहा हूं कि आप इस तरीके को सुधार लीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो। आप इस तरफ आइए। क्या आपका यही तरीका है? आप संसद सदस्य हैं, मर्यादा का पालन कीजिए। कभी किसी ने इस तरीके से मर्यादा खराब नहीं की। आप ऐसे मर्यादा को खराब मत करिए। नो।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं आइटम नंबर-20 ले रहा हूं।

प्रश्न यह है **:**

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप विधेयक को पुरःस्थापित कीजिए।

… (व्यवधान)

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर-21.

प्रश्न यह है **:**

"कि संघ राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप विधेयक को पुरःस्थापित कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर-22।

प्रश्न यह है **:**

"कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप विधेयक को पुरःस्थापित कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री अमित शाह : माननीय अध्यक्ष जी, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक; संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक; तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपे जाने के बारे में प्रस्ताव

1504 बजे।

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर-24, माननीय मंत्री जी।

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं **:**

> "कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक**;** संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का और संशोधन करने वाले विधेयक तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को माननीय अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले इस सभा के 21 सदस्यों और माननीय उपसभापति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले राज्य सभा के 10 सदस्यों से मिलकर बनने वाली दोनों सभाओं की संयुक्त समिति को सौंपा जाए**;**
>
> कि संयुक्त समिति की बैठक आयोजित करने के लिए गणपूर्ति संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का लगभग एक-तिहाई होगी;
>
> कि समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक इस सभा को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी;
>
> कि अन्य मामलों में, संसदीय समितियों से संबंधित इस सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम, ऐसे परिवर्तनों और उपांतरणों के साथ लागू होंगे जो अध्यक्ष तय करे; और
>
> कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा उक्त संयुक्त समिति में शामिल हो और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति में नियुक्त किए जाने वाले सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है **:**

> "कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक**;** संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का और संशोधन करने वाले विधेयक तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने वाले विधेयक को माननीय अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले इस सभा के 21 सदस्यों और माननीय उपसभापति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले राज्य सभा के 10 सदस्यों से मिलकर बनने वाली दोनों सभाओं की संयुक्त समिति को सौंपा जाए**;**

कि संयुक्त समिति की बैठक आयोजित करने के लिए गणपूर्ति संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का लगभग एक-तिहाई होगी;

कि समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक इस सभा को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी;
कि अन्य मामलों में, संसदीय समितियों से संबंधित इस सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम, ऐसे परिवर्तनों और उपांतरणों के साथ लागू होंगे जो अध्यक्ष तय करे; और

कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा उक्त संयुक्त समिति में शामिल हो और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति में नियुक्त किए जाने वाले सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो-यस तो किया जा सकता है, लेकिन आप अपने इस तरीके को सुधार लीजिए।

... (व्यवधान)

(1505/RAJ/SRG)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको भारत की संसद की मर्यादा को बनाए रखने के लिए बार-बार आग्रह करता हूं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आग्रह करता हूं कि संसद की आप मर्यादा-गरिमा को न गिरने दें।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : देश आपको देख रहा है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुछ विधेयक राजनीति में नैतिकता लाने के लिए आते हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नैतिकता और अच्छा आचरण हमारे जीवन में होना चाहिए।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही पांच बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

... (व्यवधान)

1506 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा सत्रह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1700/NK/SM)
1700 बजे

लोक सभा सत्रह बजे पुन: समवेत् हुई।
(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)
... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: महासचिव।

MESSAGE FROM RAJYA SABHA – contd.

SECRETARY GENERAL: Sir, I have to report the following message received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

> "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 20th August, 2025 agreed without any amendment to the Indian Institutes of Management (Amendment) Bill, 2025 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 19th August, 2025."

... (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आइटम नम्बर 25 ए, यह अच्छा विधेयक है, इससे देश के अंदर एक अच्छा संदेश जाएगा। हम देश में रोज आत्महत्याओं को देखते हैं, सुसाइड्स को देखते हैं, परिवारों को बर्बाद होते हुए देखते हैं। इस तरीके का विधेयक लाना और सदन में आपके विचार, आपके सुझाव से अवगत कराना अच्छा है। कई विधेयक देश हित में होते हैं, राष्ट्र हित में होते हैं, आप ऐसे विधेयकों पर चर्चा कीजिए।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: इस विधेयक पर सभी को बोलने का मौका दूंगा, रात को दो बजे तक मौका दूंगा, अगले दिन तक 11 बजे तक बोलने का मौका दूंगा।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य गौरव जी, आपने ऑनलाइन गेमिंग के विषय को कई बार उठाया है। प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों ने हमेशा मांग की है कि इस पर कानून बनना चाहिए। मुझे लगता है पूरा सदन एकमत है इसीलिए इस कानून को लाया जा रहा है, कुछ कमियां हैं, कोई विषय है तो आप अपनी बात से अवगत कराएं। महिला सदस्यों ने परिवारों को बर्बाद होते हुए देखा है। नये बच्चे के जीवन को बर्बाद होते हुए देखा है। आत्महत्याओं को होते हुए देखा है।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप चाहें तो अट्ठारह घंटे तक चर्चा कराउंगा। एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, आपको बोले हुए बहुत दिन हो गए हैं।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सदन में बोलने के लिए आते हैं, वेल में आकर हंगामा करने के लिए नहीं आते हैं। माननीय मंत्री जी, आप अपना विषय रखिए।

1702 बजे

(इस समय श्री हैबी ईडन, सुश्री महुआ मोइत्रा, डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

... (व्यवधान)

PROMOTION AND REGULATION OF ONLINE GAMING BILL

1702 hours

THE MINISTER OF RAILWAYS; MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING; AND MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI ASHWINI VAISHNAW): Sir, I rise to move:

> "That the Bill to promote and regulate the online gaming sector including e-sports, educational games and social gaming; to provide for the appointment of an Authority for coordinated policy support, strategic development and regulatory oversight of the sector; to prohibit the offering, operation, facilitation, advertisement, promotion and participation in online money games through any computer resource, mobile device or the internet, particularly where such activities operate across State borders or from foreign jurisdictions; to protect individuals, especially youth and vulnerable populations, from the adverse social, economic, psychological and privacy-related impacts of such games; to ensure the responsible use of digital technologies; to maintain public order and protect public health; to safeguard the integrity of financial systems and the security and sovereignty of the State; to establish a uniform, national-level legal framework in the public interest; and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."... (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय, पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में डिजीटल टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से फैली है, नई टेक्नोलॉजी डेवलप हुई है। ... (व्यवधान) टेक्नोलॉजी के कारण देश की एक नई पहचान भी बनी है। स्टार्ट-अप इकोसिस्टम आगे बढ़ा है। ... (व्यवधान) टेक्नोलॉजी से कई लाभ हैं, ऑनलाइन डिजीटल टेक्नोलॉजी से संबंधित ऑनलाइन गेमिंग एक सेक्टर ऐसा है, जो बहुत महत्वपूर्ण सेगमेंट्स बना है। ... (व्यवधान) इस सेक्टर में तीन सेगमेंट्स है, प्रथम सेगमेंट है, ई-स्पोटर्स स्पोर्ट्र्सर्ट्स का सेगमेंट, जिसमें स्ट्रैटेजिक थिकिंग बढ़ती है, व्यक्ति टीम में कोऑर्डिनेशन

करना सीखता है, कल्चरल एक्सचेंज करना सीखता है। ... (व्यवधान) दुनिया में एक बहुत नये तरीके से ई-स्पोट्स का बढ़ावा हो रहा है। दूसरा सेगमेंट है, ऑनलाइन सोशल गेम्स, हम सबने ऑनलाइन सोशल गेम चाहे सोलिटेयर हो, चेस हो, सुडोकू हो, ये सब खेल देखे हैं। सीखने के लिए उपयोगी है, एजुकेशन के लिए उपयोगी है, इंटरटेनमेंट के लिए भी उपयोगी है, मेमोरी बढ़ाने के लिए उपयोगी है, ... (व्यवधान) यह वाइडली एवेलेबल है, वाइडली खेले जाते हैं।

अध्यक्ष जी, एक तीसरा सेगमेंट ऐसा है, ऑनलाइन मनी गेम, जो आज समाज एक बड़ी चिंता का विषय बना है। आपने आरंभ में कहा, कई ऐसे परिवार हैं, कई ऐसे व्यक्ति हैं, ... (व्यवधान) जिनको ऑनलाइन जिनको ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण एक एडिक्शन हो जाता है, जिन्दगी भर की बचत गेम में उड़ा दी जाती है। ... (व्यवधान)

1705 बजे

(इस समय श्री सुदामा प्रसाद, श्री कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

(1705/IND/GM)

फ्रॉड और चीटिंग, एल्गोरिदम ऐसे होते हैं कि पता नही चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है? ओपैक एल्गोरिदम्स होते हैं, जिससे हार निश्चित हो जाती है। ... (व्यवधान)

मान्यवर अध्यक्ष जी, फाइनैंशियल लॉसेस के कारण कई परिवार नष्ट हुए हैं। एक्सट्रीम केसेस हुए हैं, सूसाइड्स भी हुई हैं। अभी हाल ही की टाइम्स ऑफ इंडिया की कर्नाटक की एक रिपोर्ट है कि 32 सूसाइड्स 31 महीनों में हुई हैं... (व्यवधान) यह टाइम्स ऑफ इंडिया में 20 तारीख को छपा है। करीब-करीब यह एस्टैब्लिश हो गया है कि ऑनलाइन गेमिंग के कारण, मनी गेमिंग के कारण फैमलीज़ पर सीरियस इम्पैक्ट आ रहा है। मनी लॉड्रिंग हो रही है, टैरर सपोर्ट हो रहा है। ... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है – There is an association between online money games and compulsive behaviour, psychological distress, financial hardship, and disruption of family life. उन्होंने ऑन लाइन गेमिंग को एक डिसऑर्डर घोषित किया है। ... (व्यवधान)

मान्यवर अध्यक्ष जी, इसीलिए इस बिल के दो भाग हैं। तीन सेगमेंट्स में से दो सेगमेंट्स - ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को सरकार प्रमोट करना चाहती है। उसके लिए अथोरिटी बनाएंगे और गेम मेकर्स को सहायता देंगे, स्किल करेंगे।... (व्यवधान)

मान्यवर अध्यक्ष जी, जब समाज के बारे में मध्यम वर्गीय परिवारों के बारे में और इंडस्ट्री के एक सेगमेंट के बारे में, जब समाज के बारे में और सरकार के रेवेन्यू के बारे में चिंता करनी होती है तो इन दोनों में से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार को ही चुना है, हमेशा समाज के बेनिफिट को ही चुना है। ... (व्यवधान) कभी इस पर कोम्प्रोमाइज़ नहीं किया है और इस बिल में भी समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी गयी है और समाज में जो एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है, उससे बचने के लिए यह बिल लाया गया है। ... (व्यवधान)

मान्यवर अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन से रिक्वैस्ट करूंगा कि इसको यूनैनिमसली पास करे।

(इति)

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा करें। आप अपनी-अपनी सीट पर विराजें। आप चर्चा करिए, मैं आपको चर्चा करने का अवसर दूंगा। इस विधेयक पर आप अपने अमूल्य सुझाव दें।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं? क्या विधेयक पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं? आप इस महत्वपूर्ण विधेयक पर नारेबाजी करना चाहते हैं?

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आपको यह पता है कि आप किस विषय पर न बोल रहे हैं? क्या आपको समझ आ रहा है कि आप किस विषय पर न बोल रहे हैं?

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> "कि ई-स्पोर्ट्स, शैक्षिक खेल और सामाजिक खेल सहित ऑनलाइन खेल क्षेत्र की अभिवृद्धि और विनियमन करने; इस क्षेत्र के समन्वित नीति समर्थन, सामरिक विकास और विनियामक निरीक्षण के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का उपबंध करने; किसी कंप्यूटर संसाधन, मोबाइल डिवाइस या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन धन खेल के प्रस्ताव, प्रचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को प्रतिषिद्ध करने, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेशी अधिकारिता से प्रचालित होते हैं; ऐसे खेलों के प्रतिकूल सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और गोपनीयता संबंधी प्रभावों से व्यक्तियों, विशेष रूप से युवाओं और आबादी के कमजोर वर्गों की रक्षा करने; डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उत्तरदायी उपयोग को सुनिश्चित करने; लोक व्यवस्था बनाए रखने और लोक स्वास्थ्य की रक्षा करने; वित्तीय प्रणालियों की अखंडता और राज्य की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करने; लोकहित में राष्ट्रीय स्तर का समान विधिक ढांचा स्थापित करने; और इससे संसक्त या इसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार करने की अनुमति प्रदान की जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 से 20 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 20 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र, उद्देशिका और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

SHRI ASHWINI VAISHNAW: Sir, I rise to move:

"That the Bill be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही गुरुवार दिनांक 21 अगस्त, 2025 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1710 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 21 अगस्त 2025 / 30 श्रावण 1947 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।